आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 22.10.2024 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री- प्रस्थान वक्तव्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय यात्रा पर कज़ान पहुंचे । कज़ान पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। अपने प्रस्थान वक्तव्य में, नईदिल्ली में श्री मोदी ने कहा कि भारत ब्रिक्स के भीतर घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है। ब्रिक्स वैश्विक विकास एजेंडा, बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने आदि से संबंधित मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है।

राष्ट्रीय जल पुरस्कार

5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार में इंदौर जिले को पश्चिमी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ जिला श्रेणी में प्रथम स्थान मिला है। आज दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह और नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

दीपावली बिजली सुरक्षा

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत सुरक्षा और सावधानियां रखकर सुरक्षित दीपावली मनाएं। वहीँ, बिजली कंपनी ने सभी पटाखा व्यवसायियों से अपील की है कि वे बिजली लाइन के नीचे, ट्रांसफार्मर के नीचे या उससे सटाकर दुकान न लगाएं। ट्रांसफर्मर के नीचे दुकान से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है और छोटी सी असावधानी

बड़ी दुर्घटना का रूप ले सकती है। उन्होंने नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि पटाखे और आतिशबाजी का प्रदर्शन बिजली लाइनों के नीचे या उनके आसपास न करें।

जबलपुर विस्फोट

जबलपुर की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री खमरिया में आज सुबह एक विस्फोट में दो कर्मचारियों की मौत हो गई जबकि 10 से ज्यादा झुलस गए । घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। फैक्ट्री प्रबंधन ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

टी-20 इमर्जिंग एशिया कप

पुरुष टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप क्रिकेट में, भारत ए ने कल संयुक्त अरब अमीरात को सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की पूरी टीम केवल 107 रन ही बना सकी। 108 रन का लक्ष्य भारतीय टीम ने 11वें ओवर में आसानी से हासिल कर लिया। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में 58 रन की शानदार पारी खेली। भारतीय गेंदबाज, रसिख सलाम ने तीन विकेट हासिल किए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

घुड़सवारी उपलब्धि

मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी के 17 खिलाड़ियों ने जूनियर नेशनल घुड़सवारी क्वालीफायर-2024 में अपने प्रदर्शन से योग्यता साबित की है। इन खिलाड़ियों ने ड्रेसाज और जंपिंग की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अपनी जगह पक्की की.

समाचार संक्षेप में...

1. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल रीवा में आयोजित रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव के माध्यम से इंदौर के पास पीथमपुर की पांच औद्योगिक इकाइयों का वर्चुअली भूमि पूजन करेंगे।

2. अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ की सेक्रेटरी जनरल डोरीन बोगडन मार्टिन ने अपने दल के साथ शिवपुरी जिले के दौरा किया। उन्होंने शिवपुरी जिले में मप्र ग्रामीण आजीविका समूह द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के कार्यों की जानकारी ली।

3. खण्डवा में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा ओंकारेश्वर में होमस्टे योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कल एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

और

4. नर्मदापुरम जिले के इटारसी में ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक टक्कर में एक युवक की मृत्यु हो गई और एक अन्य युवक घायल हो गया।